कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, थत्यूड़, (टिहरी गढवाल)।
E-Mail- eepwdthatyur@rediffmail.com
Phone & Fax:- 01376-246321

पत्रांक : 586 / 21 सी०
दिनांकः– 09/04/2018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वनप्रभाग
मसूरी।

विषय :– **जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लॉक अन्तर्गत मसराना–किमोई मोटर मार्ग (कुल लम्बाई 8.00 कि0मी0) के निर्माण हेतु आपेक्षित 5.3025 है0 वन भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत के गैरवानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड थत्यूड को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।**

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 3293/12–1, दिनांक मसूरी, 23.03.2018।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लॉक अन्तर्गत मसराना–किमोई मोटर मार्ग (कुल लम्बाई 8.00 कि0मी0) के निर्माण हेतु आपेक्षित 5.3025 है0 वन भूमि का प्रस्ताव पूर्व में ऑन लाईन किया गया था जो कि आपत्तियों में इस कार्यालय को प्राप्त हुआ, आपत्तियों का निराकरण बिन्दुवार किया जा रहा हैः–

1. प्रस्ताव में चश्पा विषय सूची में प्रतिवेदन कमांक अंकित किया गया है।
2. प्रयोक्ता ऐन्जसी द्वारा भरे जाने वाल प्रपत्र 01 यथा स्थान संशोधित कर प्रस्ताव में संलग्न है।
3. प्रस्ताव में सिविल सोयम भूमि का लैण्ड शॅयडूल यथा स्थान अपलोड कर प्रस्ताव में संलग्न है।
4. प्रस्तावित मोटर मार्ग के प्रथम 600 मीटर कुल 0.42 है0 भाग जो मसूरी वनजीव विहार में प्रस्तावित प्रकरण में वैज्ञानिक सी0/उपनिदेशक (वन्यजीव) वन एंव पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 39 वी बैठक में कार्यवृत्त पैरा 39.5.1 के अनुपालन में आपेक्षित 04 बिन्दुओं की अनुपालन आख्या ऑन लाईन अपलोड की गयी है तथा बिन्दु सं0 04 में मसराना नामक स्थान पर बनायी जाने वाली 02 मंजिल वन चौकी के निर्माण हेतु आपेक्षित धनराशि के प्राक्कलन की हॉर्ड प्रति आज तिथि तक इस को को प्राप्त नही हुआ कृपया प्राक्कलन की हॉर्ड प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. प्रस्तावित मोटर मार्ग के समरेखण मे आने वाली वृक्षों की गणना/मूल्याकांन सूची प्रस्ताव में यथा स्थान संलग्न कर अपलोड कर दी गयी है।
6. प्रभागीय कार्यालय के उक्त सन्दर्भित पत्र में इंगित बिन्दु सं0 06 में प्रस्ताव विभाग के स्तर से वांछित सम्बन्धित डिजिटल मानचित्र के अनुरूप संशोधित लैण्ड शॅयडूल प्रस्ताव में संलग्न है।
7. ऑनलाईन प्रस्ताव मे भाग –1 के पैरा L(h) copy of non encumberenc certificate for the forest land को यथा स्थान अपलोड कर दिया गया है।
8. ऑनलाईन प्रस्ताव मे भाग –1 के पैरा L(g) MOU/agreement excuted between the project owner and the user arency प्रमाण को अपलोड कर दिया गया है।

अतः निवेदन है कि प्रस्ताव आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)।

पत्रांक /21 सी0 दिनांक /2018

प्रतिलिपि :– कनिष्ठ अभियन्ता/खण्डीय अमीन अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)।